महत्वपूर्ण/विशेष ध्यानाकर्षण

प्रेषक,

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

सेवा में,

प्रधानाचार्य/निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध समस्त,
राजकीय/अनुदानित/निजी क्षेत्र,
की संस्थाएं।

पत्रांकः–प्राशिप/परिषद/2021/ 4949 लखनऊःदिनांक– 16/8/2021

**विषयः– वित्तीय वर्ष/शैक्षिक सत्र 2021–22 में दशमोत्तर छात्रवृत्ति कक्षा 11–12 एवं अन्य दशमोत्तर कक्षाओं से संबंधित पाठ्यक्रमों का मास्टर डाटाबेस तैयार करने, सत्यापन, लॉक करने एवं छात्रों को छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति आवेदन से वितरण हेतु समय–सारणी निर्गत किये जाने के संबंध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक परिषद के पत्र संख्या प्राशिप/परिषद/2021/2204 दिनांक 27–7–2021 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा शासन के पत्र संख्या 16–3099/22/2019 दिनांक 22–7–2021 एवं समाज कल्याण अनुभाग–3, उ0प्र0 शासन के पत्र संख्या 84/2021/1868/26–3–2021–4(358)/07 टी0सी0–।।।, दिनांक 12–7–2021 संलग्न करते हुए दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत कक्षा 11–12 एवं अन्य दशमोत्तर कक्षाओं से संबंधित पाठ्यक्रमों के लिए छात्रों को छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति आवेदन से वितरण हेतु वर्ष 2021–22 के लिए निर्गत समय–सारणी के अनुसार समस्त कार्यवाही पूर्ण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया था।

समाज कल्याण अनुभाग, उ0प्र0 शासन द्वारा अपने पत्र संख्या 99/2021/2239/26–3–2021–4(358)/07टी0सी0।।।, दिनांक 10 अगस्त 2021 निर्गत संशोधित समय–सारणी द्वारा दिनांक 18–08–2021 तक आपको प्रकियात्मक कार्यवाही के कमांक–1 से संबधित प्रकिया पूर्ण किये जाने हेतु तिथि का विस्तार किया गया है। उक्त के दृष्टिगत आपको पुनः निर्देशित किया जाता है कि निर्गत समय–सारणी के अनुकम में छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति से संबंधित कार्यवाही पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

यह भी अवगत कराना है कि परिषद द्वारा छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति 2021–22 हेतु संस्थाओं द्वारा डिजिटल लॉक किये गये डाटा को अग्रसारित किया जाना है। इस हेतु समस्त संस्थाओं को निर्देशित किया जाता है कि **दिनांक 16–08–2021 से 20–8–2021** तक यू0राईज पोर्टल के एस0यू0 लॉगिन के माध्यम से त्रुटिरहित प्रविष्टि कर संबंधित सत्यापित अभिलेख (स्पष्ट एवं पठनीय) अपलोड करते हुए आवेदन करना सुनिश्चित करें। किसी भी दशा में उपरोक्त निर्धारित तिथि विस्तारित नहीं की जाएगी।

ऐसी निजी क्षेत्र की संस्थाएं जिनके द्वारा छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति 2021–22 हेतु **"पॉलीटेक्निक, डिप्लोमा"** नामक पाठ्यकम को भी डिजिटली लॉक किया है, द्वारा संलग्न प्रारूप पर रू0 100/– के स्टाम्प पेपर पर शपथ पत्र एवं ऐसी राजकीय/अनुदानित संस्थाएं जिनके द्वारा छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति 2021–22 हेतु **"पॉलीटेक्निक, डिप्लोमा"** नामक पाठ्यकम को भी डिजिटली लॉक किया है, द्वारा शपथ पत्र प्रारूप पर प्रविष्टि करते हुए परिषद कार्यालय को यू0राईज पोर्टल पर किये गये आवेदन का प्रिन्टआउट सहित समस्त अभिलेख दिनांक 24–8–2021 तक जमा कराना अनिवार्य होगा।

नोट– **जिन संस्थाओं द्वारा छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति 2021–22 हेतु यू0राईज पोर्टल के माध्यम से आवेदन नहीं किया जाएगा, उनके छात्रवृत्ति डाटा को परिषद द्वारा अग्रसारित नहीं किया जाएगा, जिसका समस्त उत्तरदायित्व संबंधित संस्था प्रधानाचार्य का होगा।**

**संलग्नकः–उपरोक्तानुसार।**

भवदीय,

(सुनील कुमार सोनकर)
सचिव

E:\SAMAJ KALYAN SCHOLORSHIP.docx

पृ0सं0– प्राशिप/परिषद/2021/ 4950-54 तद्दिनांक– 16-08-2021

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव, अध्यक्ष, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 लखनऊ को अध्यक्ष महोदय के सूचनार्थ।
2. निजी सचिव, विशेष सचिव, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन को विशेष सचिव महोदय के सूचनार्थ।
3. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 कानपुर।
4. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, पूर्वी क्षेत्र/बुन्देलखण्ड क्षेत्र/मध्य क्षेत्र/पश्चिमी क्षेत्र को इस अनुरोध के साथ कि अपने क्षेत्रान्तर्गत स्थित संस्था प्रधानाचार्य को उपरोक्तानुसार कार्यवाही किये जाने हेतु अपने स्तर से निर्देशित करने का कष्ट करें।
5. नोडल अधिकारी, यू0राईज पोर्टल, प्राविधिक शिक्षा निदेशालय, उ0प्र0 कानपुर।

(सुनील कुमार सोनकर)
सचिव

E:\SAMAJ KALYAN SCHOLORSHIP.docx

# शपथ-पत्र

प्रमाणित किया जाता है, कि मै,................................, चेयरमेन/ निदेशक / प्रधानाचार्य, ............................................, संस्था कोड .......... शपथपूर्वक घोषणा करता हूँ, कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित छात्रवृति शुल्क प्रतिपूर्ति वर्ष 2021-22 हेतु संस्था मे संचालित पाठ्यक्रमों, सीटो की संख्या, शुल्क आदि का विवरण छात्रवृति पोर्टल पर फीड किया जा चुका है, जो मेरे संज्ञान मे है व सही है |

मै यह भी घोषणा करता हूँ, कि संस्था मे संचालित पाठ्यक्रम /पाठ्यक्रमों के छात्र / छात्राओं को छात्रवृति शुल्क प्रतिपूर्ति वर्ष 2021-22 हेतु निम्न विवरण के अनुसार **"Polytechnic Diploma"** नामक पाठ्यक्रम के अंतर्गत सम्मिलित किया गया है ;

| क्रम संख्या | पाठ्यक्रम का नाम | छात्र / छात्राओं की संख्या | प्रथम वर्ष | द्वितीय वर्ष | अंतिम वर्ष | छात्र / छात्राओं को उनके **मूल पाठ्यक्रम** मे सम्मिलित ना किए जाने का सुसंगत व स्पष्ट कारण का उल्लेख करे |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

उपरोक्त विवरण मेरे निजी ज्ञान से सत्य व सही है एवं संबद्धता नियमों के पालन के साथ - साथ कोई तथ्य छुपाया नहीं गया है, अतः आपसे अनुरोध है कि "Polytechnic Diploma" नामक पाठ्यक्रम को भी अन्य पाठ्यक्रमो के साथ डिजिटल लॉक करने कि कृपा करें |

यदि उपरोक्त विवरण साक्ष्यो सहित प्राविधिक शिक्षा परिषद् में प्रस्तुत किये गये समस्त विवरण/ अभिलेख / अन्य सूचनाएं यदि कूटरचित/ फ़र्जी/ भ्रामक/ त्रुटिपूर्ण पाई जाती है तो नियमनुसार विधिक कार्यवाही पूर्णतः स्वीकार्य होगी एवं छात्रवृति शुल्क प्रतिपूर्ति वर्ष 2021-22 हेतु संस्था के विवरण को प्राविधिक शिक्षा परिषद, लखनऊ द्वारा सत्यापित / डिजिटल लॉक ना किए जाने की स्थिति मे समस्त ज़िम्मेदारी मेरी होगी |

हस्ताक्षर :

नाम :

पदनाम :